MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill. In Clause 2, there are two Amendments, Amendments (Nos. 1 & 2) by Dr. T. Subbarami Reddy, he is not present.

Clause 2 was added to the Bill

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the bill

श्री अमित शाह: महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि विधेयक को पारित किया जाए।

The question was put and the Motion was adopted.

The Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu (Merger of Union Territories) Bill, 2019

PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Sir, I have a very important point.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let me move to the other Bill and then, I will come to you. Let us now take up the Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu (Merger of Union Territories) Bill, 2019.

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, this is very important. This is for the House to know.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we have moved to the other Bill.

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, this is for the House.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House was not in order, so I have not entertained it. Please take your seat.

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, I have written to you. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have time to listen to the speeches, not to read it. I have said this. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... Mr. Minister, please move the Bill.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY): Sir, I move:

> "That the Bill to provide for merger of Union Territories of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu and for matters connected therewith, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

श्री उपसभापति: माननीय मंत्री जी कुछ बोलना चाहते हैं।

श्री जी. किशन रेड्डी: उपसभापति जी, सरकार ने दादरा और नागर हवेली और दमण और दीव, दोनों Union Territories को मर्ज करने का निर्णय लिया है, क्योंकि दोनों की पॉपुलेशन बहुत कम है। दादरा और नागर हवेली की जनसंख्या 3.43 लाख है और दमण और दीव की जनसंख्या 2.43 लाख है। इन दोनों की मिलाकर लगभग 5 लाख 86 हज़ार पॉपुलेशन है। इन दोनों स्टेट्स की जनसंख्या बहुत कम है। उपसभापति जी, अगर इतिहास देखेंगे तो भी इन दोनों स्टेट्स की भाषा एक ही है। इससे पहले भी ये दोनों स्टेट्स गोवा से मिले हुए थे। इन्होंने गोवा के गवर्नर के administration के अंडर काम किया है और ये दोनों ही Portuguese के रूल में थे। नागर हवेली के निवासियों ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया शांति रखें। ...**(व्यवधान)**...

श्री जी. किशन रेड्डी: सर, इन्हें Portuguese शासन से आजादी मिली थी। वर्ष 1954 से 1961 तक इस क्षेत्र का प्रशासन स्वतंत्र दादरा और नागर हवेली वरिष्ठ पंचायत के नाम पर सिटिजन काउंसिल द्वारा शासन चलाया गया था। वर्ष 1961 में इसका भारत गणतंत्र, रिपब्लिक इंडिया में मर्जर किया गया और इसे यूटी बनाया गया, जबकि दमण और दीव को भारतीय सेना द्वारा दिसंबर, 1961 में Portuguese के शासन से स्वतंत्र किया गया था। Administratively, दमण और दीव और दादरा और नागर हवेली, दोनों एक ही administration के थे। वर्ष 1962 से लेकर 1987 तक Lieutenant Governor, गोवा, दमण और दीव तथा दादरा और नागर हवेली के ex-officio administrator होते थे। उसके बाद भी 1992 तक गोवा के गवर्नर को दोनों यूटीज़ के administrator के लिए नियुक्त किया था। उसके बाद सिविल सर्वेट्स को administrator के रूप में पोस्टेड किया गया। महोदय, 1960 के अंत तक, 1970 के प्रारंभ तक यहाँ की 5 लाख, 86 हजार पॉपुलेशन के लिए दो स्टेट्स, दो सचिवालय थे, मगर एक ही ऑफिसर्स दो जगह थे, जिन्हें तीन दिन एक जगह जाना पड़ता है और दो दिन एक जगह जाना पड़ता है | Administrator हो, Administrator के एडवाइजर हों, सेक्रेटरीज़ हों, एक ही ऑफिसर को दो स्टेट्स में घूमना पड़ता है। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि दमण और दीव में ऑफिसर्स Monday, Wednesday, Friday अवेलेबल रहते हैं, दादरा और नागर हवेली में Tuesday, Thursday अवेलेबल रहते हैं। ऑफिसर्स हफ्ते में तीन दिन एक जगह और दो दिन एक जगह घूमते रहते हैं। इसके कारण प्रशासन की कुशलता नहीं बढ़ रही है। ऑफिसर्स थक जाते हैं, उन्हें हर दिन 600 किलोमीटर journey करनी पड़ती है। इसके लिए सरकार ने तय किया है कि इन दोनों स्टेट्स को एक करना है। उन लोगों की सरकार से पहले ही सिविल सोसायटीज़ ऑफ टू स्टेट्स, दो स्टेट को एक करने की माँग थी। उनकी यह भी माँग थी कि दोनों की संसद को एक करना है। एक administrative convenience, speedy development और कुशल प्रशासन के लिए इन दोनों स्टेट्स को एक करने की रिक्वेस्ट बहुत दिनों से हमारी सरकार के सामने है, इसलिए

मैं संसद के सामने यह बिल लाया हूँ। मैं आदरणीय सांसदों से आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूँ कि administrative कुशलता के लिए यह बिल लाए हैं, speedy development के लिए लाए हैं, विकास के लिए लाए हैं। वहाँ जनता के लिए भी ऑफिसर्स अवेलेबल नहीं रहते हैं। हफ्ते में दो दिन अवेलेबल रहते हैं और एक जगह तीन दिन अवेलेबल रहते हैं। इसके कारण आने वाले दिनों में जनता के लिए एक ही जगह वीक में फाइव डेज़ ऑफिसर्स अवेलेबल रहेंगे। इसके साथ-साथ ऑफिसर एक है, लेकिन administration अलग-अलग है। इससे फिज़ूलखर्चा भी कम होगी, expenditure भी कम होगा।

(सभापति महोदय *पीठासीन हुए)*

इसलिए दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव को merge करने के लिए सरकार का जो प्रयास है और उसके लिए जो यह बिल लाया गया है, इसको पास करने के लिए मैं आपके माध्यम से पूरे सदन से अनुरोध करता हूँ।

श्री मधुसूदन मिस्त्री (गुजरात): सर, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव, ये जो दो यूनियन टेरिटरीज़ हैं, इन दोनों को एक बनाने के लिए यह बिल है। मुझे थोड़ा अजीब-सा इसलिए लग रहा है, क्योंकि एक strategy ऐसी होती है कि जो छोटे यूनिट्स होते हैं, वे administratively ज्यादा असरकारक होते हैं। You can manage them better compared to a bigger one. सर, बॉम्बे स्टेट के अंदर गुजरात और महाराष्ट्र, ये दोनों एक ही स्टेट थे। We demanded a separate State in 1956 and around 1961 we got our own State. One of the reasons was that Gujarat was lacking in development because it was a huge State as Bombay State. At that time, it was right up to Mt. Abu. When it was divided, we got our own State.

सर, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव, ये दोनों अभी छोटी-छोटी यूनियन टेरिटरीज़ हैं। हम तो ऐसा मानते हैं कि छोटे यूनिट्स administratively और भी ज्यादा अच्छी तरह से मैनेज किए जा सकते हैं, लेकिन इस बिल के अंदर दर्शाए गए जो stated objectives हैं, they are: better delivery of services to the citizens of both Union Territories by improving efficiency and reduction in paper work-reduction in administrative expenditure; bringing uniformity in policies and schemes; better monitoring of schemes and projects- and better management of cadres of various employees. These are the stated objectives for merging these two units into one. I have my own doubts. Even despite having such a small unit — सर, आज से कुछ साल पहले ही दमण में अपने आप एक ब्रिज गिर गया। एक स्कूल बस, जिसके अंदर स्कूल के बच्चे थे, तीन-चार दिन बाद उस बस का ठिकाना पता चला, क्योंकि उस नदी के flow में पूरा ब्रिज गिर गया था। इनको एक करने से करप्शन का लेवल घटेगा, ऐसा

[श्री मधुसूदन मिस्त्री]

मानने को मैं तैयार नहीं हूँ। हमारी स्टेट में ये यूनियन टेरिटरीज़ दो चीज़ों के लिए सबसे ज्यादा जानी जाती हैं। सिलवासा और नागर हवेली में टैक्स का जो स्ट्रक्चर है, उसमें हमारा हिस्सा कम है, क्योंकि यूनियन टेरिटरी होने के कारण वह सेंट्रल गवर्नमेंट से चलता है। इसी वजह से इस बात का सबसे ज्यादा फायदा इंडस्ट्रीज ने उठाया था कि सभी ने अपने ऑफिसेज़ सिलवासा के अंदर, नागर हवेली में खोले थे, जिसकी वजह से गुजरात स्टेट को उस वक्त सबसे ज्यादा revenue loss हुआ था। Finally, उसको सेंट्रल गवर्नमेंट ने ज़रा ठीक किया, तब उसकी वजह से वह थोड़ा कम हुआ।

दूसरा, हमारे यहाँ दमण और दीव के अंदर सबसे ज्यादा attraction इसलिए है, क्योंकि वहाँ शराब की खुली बिक्री होती है और सिलवासा में भी खुली बिक्री होती है। वहाँ लोग इतवार के दिन जाते हैं और वहाँ से शराब पी आते हैं, क्योंकि गुजरात के अंदर शराबबंदी है। इस वजह से, गुजरात से कभी-कभी जो पूरा flow बाहर जाता है, वह या तो सीधे राजस्थान के उदयपुर और माउंट आबू जैसी जगहों की तरफ जाता है अथवा साउथ में दीव, दमण या सिलवासा के अंदर जाता है, because वह वहाँ available है। लेकिन, इन stated objectives में से एक objective ऐसा भी है, जिसमें यह कहा गया है कि इसके कारण सरकार के पैसे बचेंगे। इसके अंदर वह स्टेटमेंट नहीं दी गई है। आपकी कितनी बचत होगी, आप किस तरह effective administration कर सकेंगे, इसका कोई उल्लेख इसके अंदर नहीं दिया गया है। हाँ, इसकी जितनी liabilities हैं, जो नया यूनिट बनेगा, उसके अंदर वे सब दी गई हैं। मुझे एक रीजन यह भी समझ में नहीं आता कि इसमें जो केसेज़ वगैरह हैं, उनका jurisdiction Bombay High Court में क्यों गया है? उसे गुजरात हाई कोर्ट के अंदर क्यों नहीं डाला गया? यूनियन टेरिटरीज़ की लैंग्वेज भी गुजराती है, वहां के लोग भी गुजराती बोलते हैं और ज्यादातर व्यवहार भी गुजरात के साथ है, मुम्बई के साथ भी है, लेकिन jurisdiction मुम्बई हाई कोर्ट के बदले गुजरात हाई कोर्ट में डालना था, ऐसा मेरा मानना है।

Sea coast के बारे में बात कहूं तो sea coast के हिसाब से उसकी एक अलग इम्पॉर्टेस है, लेकिन दमन की एक दूसरी भी पहचान है, क्योंकि सबसे ज्यादा नामचीन स्मगलर्स दमन के अंदर होते थे और स्मगलिंग की एक्टिविटीज़ इस इलाके में पुरजोर तरीके से चलती थीं। स्मॉल यूनिट होने के बावजूद भी वक्त की सरकारें उसके बाद के यूनिट को कंट्रोल नहीं कर पायी थीं। ये सब चीज़ें इसके अंदर हैं। सिलवासा के ऊपर के भाग के अंदर जो मधुबन डैम बना हुआ है, उस मधुबन डैम के पानी से जो खेती होनी चाहिए, उसकी और विकास की दृष्टि से अगर देखने जाएं तो वहां पर मेरे हिसाब से जितना विकास होना चाहिए, उतना नहीं हुआ। इसकी वजह से मैं ऐसा मानता हूं कि इसको एक यूनिट करने से उसमें ज्यादा कोई असर होगा, गरीबी घटेगी, ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रीज़ वहां पर आएंगी,

आपका एडमिनिस्ट्रेशन बहुत सुलभ रहेगा, ऐसा मानना कि इसको एक करने से ऐसा कुछ होगा, ऐसा नहीं है। डायकोटॉमी यह भी है कि एक तरफ एक स्टेट को तीन यूनियन टेरिटरीज़ के अंदर दिया गया और दूसरी ओर यहां पर दो यूनियन टेरिटरीज़ को एक कर रहे हैं। यह बिल्कुल अलग-सा लगता है कि एक स्टेट को मिटाकर आप तीन यूनियन टेरिटरीज़ कर रहे हैं और दूसरे में आप दोनों को इकट्ठा करके एक यूनियन टेरिटरी बना रहे हैं। यह आपकी जो सोच है, वह पता नहीं किसके ऊपर है। मैं तो इसलिए खुश हूं कि मेरी constituency, अमित भाई शाह जी...

श्री सभापति: वे सुन रहे हैं।

श्री मधुसूदन मिस्त्री: मैं तो इसलिए खुश हूं कि मेरी जो constituency थी, उसका जो एमएलए था, वह इनके के जाने के बाद में होम मिनिस्टर बना। If I am not wrong, he is also an Administrator in Daman and Diu. उनको एडमिनिस्ट्रेर के हिसाब से वहां पर काम करने का एक बड़ा फ़लक मिलेगा। I have my own doubts whether it is going to change much of the things which are intended or it is going to save much money which the Government intends to save. Thank you very much, Sir.

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे (महाराष्ट्र): सभापति महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया। मैं सरकार का और विशेष रूप से माननीय गृह मंत्री जी का अभिनन्दन इसलिए करना चाहता हूं कि देश की प्रशासनिक व्यवस्था में सुधारों की लम्बी प्रतीक्षा देश के कई लोगों को थी और उसके कारण जो एक बैकलॉग बना था, एक अनुशेष बना था कि कई चीज़ें इसके पहले ही होनी चाहिए थीं, पता नहीं इतने सालों तक क्यों नहीं हुईं। ऐसी ही एक चीज़ आज इस विधेयक के माध्यम से, इस कानून के माध्यम से हो रही है। हमारे देश में ऐतिहासिक कारणों से विभिन्न प्रदेशों को केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया गया, मगर ये जो दो छोटे प्रदेश हैं, जो किसी ज़माने में पुर्तगीज़ सरकार के अंदर थे और उनको स्वाधीन होने के बावजूद भी वैसा का वैसा ही रखा गया, कुछ कारण थे, उनमें से गोवा अलग हो गया और एक राज्य बन गया। मगर इन दोनों को अपने-अपने एक अलग अस्तित्व की अनुमति मिल गई और ये दोनों प्रदेश यद्यपि एक-दूसरे के निकट होने के बावजूद भी वैसे के वैसे ही रहे। मैं मानता हूं कि जो एक ऐतिहासिक बैकलॉग था, आज इस बिल के माध्यम से हम उसको क्लियर करने जा रहे हैं।

एक बात यह आती है कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा और इस सरकार के द्वारा हम हमेशा मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस की बात करते हैं। सदन के सम्मुख जो बिल आया है, उसमें भी इसका उल्लेख है। मैं मानता हूं कि सही अर्थ में इस भावना को चरितार्थ करने वाला यह बिल है। इसलिए सदन को एकमुख होकर इसका समर्थन करना चाहिए, ऐसा मुझे लगता है।

[डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे]

मान्यवर, आज देश में 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं, जो दो नए केंद्र शासित प्रदेश हैं, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, उनको हम थोड़ा सा अलग रखें क्योंकि वे नए-नए प्रदेश हैं, वहां पर नई-नई रचना लग रही है। उसके अलावा जो प्रदेश हैं, उनकी भी कुछ एक category है। जैसे पांडिचेरी, जिसको आजकल हम पुदुचेरी कहते हैं और दिल्ली में विधान सभा है, लेफ्टिनेंट गवर्नर है। अण्डमान में विधान सभा नहीं है, किंतु लेफ्टिनेंट गवर्नर है। चंडीगढ़ एक दृष्टि से शहरी राज्य है और दो- दो राज्यों की राजधानी होने के कारण उसकी अपनी एक अहमियत है, अपना अस्तित्व है और अपनी अलग पहचान है। मगर लक्षद्वीप, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव मिलकर जो बनने वाला केन्द्र शासित प्रदेश है, इनकी समस्याएं कुछ अलग हैं। सर, ये दोनों छोटे प्रदेश हैं। दूसरी बात यह है कि दोनों जगह न विधान सभा है, न लेफ्टिनेंट गवर्नर हैं, वहां पर प्रशासक के माध्यम से काम होता है। इन दोनों प्रदेशों की समस्याएं कुछ अलग पद्धति की हैं, इसलिए मैं मानता हूं कि उनकी तरफ आप सबका विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। आज इस सदन के सम्मुख इस बिल के नाते यह विषय आया, तो मैं मानता हूं कि निश्चित रूप से इस पर चर्चा होगी। जहां तक दादरा और नागर हवेली का विषय है, वहां पर पानी की काफी समस्या है। दमण में थोड़ा पानी दमणगंगा नदी के कारण उपलब्ध हो जाता है, लेकिन विशेष रूपसे दादरा और नागर हवेली में पानी की समस्या है।

सर, दूसरी बात यह है कि इन दोनों प्रदेशों को पर्यटन की दृष्टि से देखा जाता है। वहां पर कई पर्यटक जाते हैं, विमान सेवाएं भी दीव तक जाती हैं, मगर इसके बावजूद वहां पर पर्यटन के संदर्भ में जो विकास होना चाहिए, वह नहीं हुआ। मैं मानता हूं कि उस पर विशेष रूप से कुछ विचार होने की आवश्यकता है।

महोदय, तीसरी बात यह है कि सामान्यत: किसी जमाने में केन्द्रशासित प्रदेशों को एक भ्रष्टाचार क्षेत्र के रूप में भी एक पहचान प्राप्त हुई थी। मैं मानता हूं कि जो केन्द्रशासित प्रदेश हैं और उस पर जनप्रतिनिधियों का जो नियंत्रण है, वह अगर कुछ कम है, तो ऐसी स्थिति आने की संभावना रहती है। उस दृष्टि से अगर यहां पर भ्रष्टाचार पनपने की संभावना कहीं न कहीं दिखती है, तो मैं मानता हूं कि उस संभावना की भी निश्चित रूप में चिंता करनी चाहिए। तीसरी बात यह है कि एक तरीके की असंवदेनशीलता भी हो जाती है। सर, कई बार छोटे-छोटे प्रदेशों में बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं और उनका उल्लेख भी नहीं होता है। वहां पर रहने वाले लोगों की अपनी अस्मिता होती है, अपनी identity होती है। ये छोटे प्रदेश होने के बावजूद बहुभाषिक प्रदेश हैं। दमण और दीव, दादरा और नागर हवेली में मराठी बोलने वाले हैं, गुजराती बोलने वाले भी हैं और कुछ मात्रा में गोवा का संपर्क भी था, तो कोंकणी बोलने वाले भी हैं। इन सारे प्रदेशों की जो अपनी छोटी-छोटी identities हैं, उनको भी बरकरार रखते हुए, उनको एक व्यापक सार्वदेशिक identity में

परिवर्तित करने की दृष्टि से भी कुछ काम होना चाहिए, ऐसा मुझे लगता है। सर, प्रशासनिक दृष्टि से इन सारे केन्द्र शासित प्रदेशों के बारे में एक Agmut Cadre चलता है। अरुणाचल प्रदेश, गोवा और इस तरीके से उसका abbreviation बनता है, मगर मैं मानता हूं कि इस कैडर के संदर्भ में आई.ए.एस. के बारे में नए सिरे से विचार होने की आवश्यकता है। मैं मानता हूं कि उस कैडर के बारे में भी नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। इस संदर्भ में जो लोक सभा में विचार हुआ था, उस समय माननीय गृह मंत्री जी ने जो भाषण दिया था, उसको हम सभी ने देखा होगा। माननीय गृह मंत्री जी ने बहुत ही प्रासंगिक औचित्य का ध्यान रखते हुए दमण और दीव, दादरा और नागर हवेली के स्वाधीनता संग्राम की कहानी सदन को बताई थी। मैं मानता हूं कि सदन को भी उसके बारे में आकलन बनाना चाहिए। वैसे दादरा और नागर हवेली के संघर्ष के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और कुछ अन्य संगठनों के देशभक्त और समर्पित कार्यकर्ताओं ने एक समूह बनाया था और उस समूह के माध्यम से वर्ष 1954 में दादरा और नागर हवेली को मुक्त किया गया, स्वाधीन किया गया। वहां की जनता ने चुने हुए व्यक्ति को वहां पर एक प्रशासक के रूप में नियुक्त किया, मगर पुर्तगाल सरकार ने इसके बारे में कैफियत की, जिसके कारण अंतर्राष्ट्रीय धरातल पर वह मामला थोड़ा-सा अटका रहा। वर्ष 1961 में आखिरकार वह इस प्रदेश का हिस्सा बना और वर्ष 1974 में उसको अंतर्राष्ट्रीय मान्यता भी मिली। इस प्रदेश की जो भी इतिहास की कहानी है,उसमें श्री राजाभऊ वाकन्कर, श्री मनेरिकर, प्रसिद्ध इतिहासकार श्री बाबा साहब पुरन्दरे, संगीत के लिए जाने गए श्री सुधीर फड़के, ऐसे कई स्वाधीनता सेनानियों ने अपनी जान की बाजी लगातार दादरा और नागर हवेली के मुक्ति संग्राम में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मान्यवर, मगर एक महत्वपूर्ण बिंदू इसमें यह है कि इन सारे स्वाधीनता सेनानियों को - सामने कांग्रेस के कुछ मित्र बैठे हुए हैं, मैं मानता हूं कि वे भी इस संदर्भ में अंतर्मुख होकर सोचेंगे कि त्याग और त्याग में, समर्पण और समर्पण में कोई अंतर नहीं करना चाहिए। वर्ष 1942 के संघर्ष में जो सहभागी हुए, वे भी आदर के पात्र हैं, वे भी स्वाधीनता सेनानी हैं और दादरा नागर हवेली के संघर्ष में जिन्होंने त्याग किया, बलिदान किया, वे भी आदर के उतने ही पात्र हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश दादरा और नागर हवेली तथा गोवा मुक्ति संग्राम के अंदर जिन्होंने जान की बाजी लगाकर स्वाधीनता संग्राम में अपनी भूमिका निभाई - स्वर्गीय जगन्नाथ राव जोशी जैसे कई नेताओं का नाम इसमें लिया जा सकता है - मैं आज देखता हूं कि सदन के अंदर कई लोगों की मूर्तियां लगी हुई हैं, कई लोगों को हम स्मरण करते हैं। पिछली सरकार के अंदर श्री जगन्नाथ राव जोशी जी के बारे में तो हमने एक किताब निकाली थी, अन्यथा ऐसे लोगों को हम भूले बैठे थे। सर, केवल मात्र ideological untouchability के कारण उनकी विचारधारा अलग है। तो उनका किया हुआ त्याग, उनका किया हुआ समर्पण - इसको इतिहास में कोई दखल देने की जरूरत नहीं है। यह एक मान्यता प्राप्त thinking इस देश में थी। मैं खुशी ज़ाहिर करता हूं कि कम से कम यह पूरी thinking अब बदल गयी है, अब यह इतिहास का एक हिस्सा बना है।

[डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे]

मान्यवर, बिन्दु यह है कि इन सभी स्वाधीनता सेनानियों की उपेक्षा 1985 में समाप्त हुई, यानी 1954 में स्वाधीन हुआ और उसके बाद लगभग 30 सालों के पश्चात जब श्री जयंतराव तिलक, जो हमारे देश में महाराष्ट्र के एक बहुत बड़े राजनेता थे - वे पहले हिन्दू महासभा में थे और बाद में कांग्रेस में आए - उन्होंने इसके बारे में एक दलील दी और आग्रह किया तो वहां की सरकार ने इन्हें स्वाधीनता सेनानी के रूप में स्वीकार किया। उसके बाद श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार जब केन्द्र में आयी, तब सन् 2000 में इन्हें केन्द्र ने स्वाधीनता सेनानी के नाम से मान्यता दी। महोदय, त्याग को भी जब सरकार मान्यता नहीं देती तो त्याग और समर्पण की कोई कीमत नहीं होती। मैंने इस संबंध में कई लोगों से बात की, जिनमें से कुछ लोग 90 और 95 साल के हैं, आज भी उनकी कुछ मांगें हैं, जैसे सिलवासा में, जो स्वाधीनता संग्राम का एक महत्वपूर्ण केन्द्र था, एक जयस्तम्भ बनाने की उनकी मांग है। उसके लिए ज़मीन इकट्ठा करना, धन जुटाना - ये सब काम उन्होंने कर लिए हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि जब नया विलीनीकृत केन्द्र शासित प्रदेश बनेगा, यूनाइटेड केन्द्र शासित प्रदेश बनेगा, तब सिलवासा में इन स्वाधीनता संग्राम में सहभागी सेनानियों की स्मृति में एक जयस्तम्भ बनाने की मांग के संबंध में सोचा जाएगा। महोदय, वहां के गजट में इनके नाम अभी भी नहीं हैं। कई बार ये स्वाधीनता सेनानी वहां जाते हैं, अपनी पुरानी यादें उजागर करते हैं, लेकिन वहां का प्रशासन इनके प्रति जितना संवेदनशील होना चाहिए, वह नहीं होता है। इन्हें कुछ पहचान-पत्र मिले, ऐसी भी अपेक्षा है। मैं मानता हूं कि उसके बारे में भी चिंता की जानी चाहिए।

मेरा एक और अंतिम निवेदन है कि हमारी संसद के अंदर कई संसदीय समितियां होती हैं। वे लोग अंडमान जाते हैं, कभी-कभी असम जाते हैं, कश्मीर भी जाते हैं। संसदीय समितियों को कई बार केन्द्र शासित प्रदेशों में भी जाना चाहिए, उनकी चिंता करना भी आखिरकार इस सदन का और सदन के सदस्यों का काम है - विशेष रूप से राज्य सभा का, क्योंकि राज्य सभा में उनका प्रतिनिधित्व नहीं है। दमण और दीव, दादरा और नागर हवेली, लक्षद्वीप, अंडमान-निकोबार का प्रतिनिधित्व इस सदन में नहीं है, इसलिए हमारा यह दायित्व बनता है कि समिति के सदस्य के नाते, समिति की कुछ बैठकें अगर हम दमण और दीव, दादरा और नागर हवेली, सिलवासा आदि अन्यान्य जगहों पर करते हैं तो उन प्रदेशों की जनता की पीड़ा के प्रति हमारी संवेदनशीलता उजागर होगी। मैं इस बिल के लिए सरकार का अभिनंदन करते हुए इसको समर्थन देता हूं, धन्यवाद।

श्री सभापति: श्री मनीष गुप्ता। आपके पास 6 मिनट का समय है।

SHRI MANISH GUPTA (West Bengal): Sir, I rise to support this Bill. But having said that, there are certain issues that, I think, should be flagged because these

territories are distinctly different to each other, there are enclaves and there are islands. The distance between Daman and Diu is more than 700 kilometres. So, we have to give a thought to the people of these territories. The people should be the arbiters of their own destiny. There is a case for having proper representation, a mini assembly in a suitable place so that people can decide what they want to do. We have seen the Statement of Objects and Reasons of this Bill. The Statement of Objects and Reasons have made pious statements on development, on reducing costs and delivery of services. Issue that has been raised is reduction in costs. In a country like ours, where there is a huge Budget, the Union Territories' Budget is ₹ 15,000-₹ 16,000 crores, whereas Daman and Diu has just a paltry Budget of ₹ 700-800 crores; the Dadra and Nagar Haveli have a Budget of about ₹ 1100 crores. The fact of the matter is this that the Standing Committee of Parliament has opined that over the years, there has been a reduction in outlays in the Budget. The Budget has been reduced. Only in the last year 2019-20, there has been an increase. So, this means that more moneys should be made available to these territories. Now, the issue which is going to come up as we have noticed, that regard to the employees who are already working, there are some fearful words used in the initial document, the Statement of Objects and Reasons, which is that people who are working in UTs will continue till further orders. Its meaning is that there is a threat that they will be moved. Now, Group 'C' and Group 'D' Services, who have smaller incomes have their children study in schools, etc. An aura of uncertainty has been introduced with this Bill. This is a very serious issue. Basically, the caste for a mini assembly is the main issue here. People have to travel long distance to Mumbai. For ordinary people, it is not possible to go all the way to Mumbai to seek justice. So reforms are required, like more modernity, more modernization and saving administrative costs. The officers have to move on alternate days from one territory to the other. Why not post the officers there? If you are serious about developing these territories, a more permanent administrative set up is required and it should be decentralized. The 73rd Amendment to the Constitution gives powers to the *Panchayats.* You see the States. In all the States, the *Panchayats* are spending a lot of money. A lot of development has taken place. We have to empower the people. And if we have to empower the people in these territories also, there is also a need to consider what they have to say. No political parties, no political leaders were consulted when this Bill was drawn up. This was necessary more so after 70 years of our Independence. We must involve the people more readily and more objectively in the future of the nation.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Sir, I welcome and support this Bill. There is only one thing. For administrative convenience and for the benefit of the people, they have done good things. Subject to correction, because I have not seen the map, I think it is very near to Gujarat. As per the Act, the Bombay High Court has been given the jurisdiction to these newly formed Union Territories. It may be verified and if it is possible, the jurisdiction may be given to the nearest High Court. If it is the Bombay High Court, definitely, it is already loaded and there is backlog of arrears. Our judiciary is known for arrears and delay. It may be avoided and it is up to the Central Government to examine, subject to correction. As our colleague has rightly put out, the Statement of Objects and Reasons should be very carefully worded. It should be made in such a manner to understand very easily the purpose for which the Bill is being brought in. Thank you, Sir.

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, it is a very historic Bill, in fact, because it should have been resolved many years back. I would like to talk a little bit about history very quickly. In 1961—what Vinay Sahasrabuddheji was also talking about, the Operation Vijay—we were able to get back Dadra and Nagar Haveli and the fact there is of 1954, 1961, and then probably 1967, when the referendum on the Goa opinion poll was done. There was a possibility that they might have merged with Maharashtra and the whole thing could have closed. But then, at that point of time, they decided to stay as Union Territory and, today, when we bring both of them together, Dadra and Nagar Haveli as well as Daman and Diu, I want to share just a small demographic detail. Dadra and Nagar Haveli, 3,43,709 people; Daman and Diu, 2,42,911 people. The question is: if these small territories are merged together, would it not be better? It would be definitely better because totally, it would come to 5,86,620. To be very honest, it is smaller than even the size of Bhubaneswar. Considering that situation, I think it is in rightful sprit. If you look at it administratively, there are not a lot of changes that have happened. The fact is, the representation in Lok Sabha is as it is. In terms of services in UT, it is being merged. In terms of Advisory Committees being set up, it is being provided and facilitated. In terms of jurisdiction of High Court, it stays the same. Primarily, the duplication of work will reduce and at the end of the day, people will be able to execute better and the communication and the kind of work that they will be able to undertake with the Central Government, will be much better. Having said that, I would like to bring very quickly two or three points which will really help this Government going forward with this entire proposal. Now, if we are

5.00 P.M.

coming into a merger, what do we seek to achieve out of it? The first thing that we seek to achieve out of it is the tourism sector. Vinayji has already spoken about it. I will not take much time. But the fact is, Daman and Diu has a tremendous potential for tourism, especially, for the island that is existing there. A lot of people want to come in. But there are certain restrictions that are there, and it is not open. That could be opened up. Secondly, in terms of infrastructure, that could be looked into. Finally, because of this merger, the financial autonomy and the financial discipline that will come in, it will really help both the UTs to come together and function better. With this, Sir, on behalf of BJD, we support the Bill.

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (संघ राज्य क्षेत्रों का विलयन) विधेयक, 2019 पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस बिल के संबंध में, मैं कहना चाहता हूं कि वहां की जनता ने तो इसकी कोई मांग नहीं की थी। वहां अस्पताल की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पर "एम्स" जैसा अस्पताल नहीं है। वहां के लोगों को इलाज कराने के लिए मुम्बई जाना पड़ता है। हम लोग वहां पर गए थे। वहां पर तमाम फैक्टरियां हैं, वहां पर करीब 2,930 मंझोली और छोटी फैक्टरियां हैं। उनसे बहुत प्रदूषण होता है। वहां पर जो दमनगंगा नदी है, वह बहुत प्रदूषित नदी है और उस नदी में कोई जीव-जंतु नहीं है। सरकार गंगा सफाई की बात करती है, तो उस दमणगंगा नदी की भी गंगा नदी की तरह सफाई करनी चाहिए। इस नदी का पानी समुद्र में जाता है, इससे समुद्र भी प्रदूषित होता है और उसके किनारे बसे हुए लोगों को नुकसान होता है।

सभापति महोदय, वहां पर पंचायतें बनी हैं, नगर पालिकाएं बनी हैं, लेकिन उनको कोई अधिकार नहीं है। वहां पर सारा अधिकार कलेक्टर के पास है। कलेक्टर जो चाहता है, वह काम होता है और उनके उधर कोई काम ही नहीं हो पाता है। वहां के लोगों की मांग थी कि उनको स्टेट का दर्जा दिया जाए। अगर दोनों यूटीज़ को मिलाकर विधान सभा गठित कर दी जाए। चूंकि सरकार कहीं जोड़ने का काम करती हैं, कहीं तोड़ने का काम करती है। सूची में एक विधान सभा कम हो रही थी, इसलिए वहां पर एक विधान सभा बना देते, तो राज्यों की विधान सभा की सूची पूरी हो जाती। इस तरह से एक अलग राज्य हो जाता।

श्री सभापति: छ: लाख लोगों पर एक विधान सभा!

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद: सभापति महोदय, हम आपको वहां के लोगों की समस्याएं बताना चाहते हैं। वहां के जो प्रशासक हैं, वे वहां के लोगों की छंटनी कर रहे हैं, उनको

[श्री विशम्भर प्रसाद निषाद]

निकाल रहे हैं। उन लोगों के पास मकान नहीं हैं। हम लोगों ने पढ़ा है कि सिलवासा में एक हजार से ज्यादा लोगों के पास मकान ही नहीं हैं। वहां के लोगों के लिए चिकित्सा की व्यवस्था नहीं है। वहां पर फैक्टरियों से बहुत ही प्रदूषित गैसें निकलती हैं, जिससे वायुमंडल प्रदूषित रहता है। वहां पर 24 घंटे अंधेरा ही रहता है। गवर्नमेंट को चाहिए कि जिस तरह से हमने दिल्ली में तथा पूरे देश में फैल रहे प्रदूषण के बारे में चिता की थी, उसी प्रकार से वहां के प्रदूषण के बारे में स्पेशल चिंता करनी चाहिए। वहां के लोगों के की यही मांग है कि वहां पर विधान सभा गठित की जाए। वहां के जो आदिवासी लोग हैं, वे नाराज हैं। वे कह रहे हैं कि दोनों यूटीज को एक करने से हमारा नुकसान होगा। जितने भी वहां पर कांट्रेक्ट हैं, जितने भी वहां पर काम करने वाले लोग हैं, वे सब बाहर के लोग हैं। वहां पर जो लोकल लोग संविदा पर लगे थे, हजारों लोगों की छंटनी कर दी गई है। वे लोग आंदोलन कर रहे हैं। जो लोग 15-20 साल से नौकरी कर रहे थे, उनको निकाल दिया गया है। जब यहां पर उनके बारे में चर्चा हो रही है, तो इसको भी ऐड करना चाहिए कि जो आदिवासी हैं, गरीब लोग हैं, उनका ध्यान रखा जाए। जब आप इनको मर्ज कर रहे हैं, तो इसमें हस्तक्षेप करना होगा - चूंकि वहां एक प्रशासक दमण के हैं, वहां की जनता का दमन कर रहे हैं, वहां जनता चिल्ला रही है, लोग चिल्ला रहे हैं। इस बारे में हम कहना चाहेंगे कि वहां टूरिज्म के अच्छे चांसेज़ हैं, दुनिया में टूरिज्म से अच्छी आमदनी होती है, इसलिए सरकार वहां टूरिज्म को बढ़ाने के लिए अच्छा काम करे, तो अच्छा रहेगा, धन्यवाद।

SHRI K.K. RAGESH (Kerala): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving me an opportunity to speak on this Bill. This Bill seeks the merger of Union Territories of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu. Sir, the first Schedule to our Constitution talks about the States, Union Territories and States Territories. The Bill seeks to amend the first Schedule to the Constitution so as to merge two Union Territories. Sir, I need a clarification because here, an ordinary Bill is brought. The Bill seeks to amend the first Schedule to the Constitution. I don't know whether the Constitution can be amended with an ordinary Bill, whether a Constitution Amendment Bill is required. You are amending the First Schedule to the Constitution. I need a clarification on it. I may be corrected. I am not an expert on Constitution, but I seek an explanation from the hon. Minister.

Sir, I take this opportunity to appeal to the august House to discuss the situation that exists in our UTs. I come from Kerala. Near Kerala, we have got a Union Territory, Lakshadweep. In Lakshadweep, you can't imagine the kind of situation that exists there.

